यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा पढ़ने के विशेष तकनीक को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह क्रमिक अधिगम सामग्री बच्चों को तेज गति से पढ़ने में मदद करेगी।

3

बर्तन परिवार



कक्षा–तीसरी

क्रमिक अधिगम सामग्री

थाली, लोटा और कटोरी,
खेल रहे सब मिलकर होली।



देखो इनमें कितना प्यार,
मना रहे होली त्यौहार।

भर पिचकारी चम्मच मारे,
रंग से भीगे बर्तन सारे।



गुंडी ने रंग घोल दिया,
जग ने धावा बोल दिया।



फर–फर रंग उड़ाता लोटा,
यहाँ पे कोई बड़ा न छोटा।



मूँछ लगाकर थाली आई,
डर के मारे भागी कढ़ाई।